दिनांक 29 मई 2020

कैंप 2 बैकुंठ धाम में पॉजिटिव पाए गए मरीज के घर के 100 मीटर के क्षेत्र को किया गया सील, सघन रूप से हो रही है सैनिटाइजिंग

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत कैम्प 2 बैकुंठधाम में पॉजिटिव पाए गए नागरिक के घर के 100 मीटर के कंटेंटमेंट क्षेत्र की परिधि में घर-घर सैनिटाइजिंग का कार्य युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है! दुर्ग जिले के कलेक्टर श्री सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने मौके पर पहुंचकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए ! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने निगम के अधिकारियों को बैकुंठ धाम क्षेत्र मे पॉजिटिव पाए गए नागरिक के घर के आसपास के क्षेत्र को तत्काल बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए, इस बाबत सजगता से पुलिस प्रशासन को भी सूचना दी गई ताकि क्षेत्र से आवाजाही को रोका जा सके! बैरिकेडिंग एवं सैनिटाइजिंग का कार्य आयुक्त श्री रघुवंशी की उपस्थिति में दोपहर को ही प्रारंभ कर दिया गया था! उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 21 बैकुंठ धाम में निगम द्वारा लगातार सैनिटाइजिंग का कार्य किया जाता रहा है। घर-घर सैनिटाइजिंग के लिए निगम द्वारा टीम नियुक्त की गई है। कोरोना पॉजिटिव पाए गए व्यक्ति को जब से होम आइसोलेशन में रखा गया था तभी से इनकी निगरानी लगातार निगम के अधिकारी एवं इस कार्य के लिए गठित टीम के द्वारा किया जाता रहा है। घर के आसपास के क्षेत्र को पूरी तरह से सील किया जा रहा है। इस क्षेत्र की दुकानें भी बंद रहेंगी। बैकुंठ धाम क्षेत्र में घर-घर एवं मोहल्ले को सैनिटाइजिंग करने का कार्य युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन एवं निगम के अधिकारी क्षेत्र की निगरानी रख रहे हैं। क्षेत्र में आवाजाही बंद कर दी गई है। क्षेत्र में लोग घरों पर रहेंगे इसलिए निगम द्वारा मोहल्ले में एक अस्थाई कैंप का निर्माण कर दिया गया है ताकि आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था होम डिलीवरी के माध्यम से की जा सके। आसपास के क्षेत्र के घरों का सर्वे किया जा रहा है और बुजुर्ग लोगों का डाटा विशेष तौर पर रखा जा रहा है। इस क्षेत्र में लोगों को घरों पर ही रहने की सख्त हिदायत दी जा रही है! तीन पालियों में निगम कर्मचारियों की ड्यूटी क्षेत्र में किसी प्रकार की आवश्यक व्यवस्था के लिए अस्थाई कैंप बनाकर निगम के 14 कर्मचारियों की ड्यूटी तीन पालियों में लगाई गई है इसके साथ ही नोडल अधिकारी वीके सैमुअल, आरपी तिवारी एवं मंजू साहू नियुक्त किए गए हैं! शिकायत के निराकरण लिए आसिफ इकबाल उप अभियंता को नियुक्त किया गया है! सैनिटाइजिंग के लिए 40 स्वच्छता कर्मचारी कर रहे कार्य बैकुंठ धाम क्षेत्र में सैनिटाइजिंग के लिए 40 स्वच्छता कर्मचारी कार्य कर रहे हैं , जिसमें से 15 हैंड स्प्रे एवं 3 टैंकर से सैनिटाइजिंग किया जा रहा है, रोड, नाली सफाई भी की जा रही है